श. बे. चौ. राजकीय महाविद्यालय पोखरी (क्वीली) टिहरी गढ़वाल
S.B.C. Government Degree College, Pokhri (Quili) Tehri Garhwal, Uttarakhand-249146
Website: www.gdcpokharitehri.in Email:- gdcpokhritehri@yahoo.com

06.07.2020

विभागीय परिषद

महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु समय–समय पर पाठ्य सहगामी गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। इस हेतु महाविद्यालय के प्रत्येक विभाग द्वारा छात्र–छात्राओं के परिषद का गठन किया जाता है। विभागीय परिषद के गठन के लिए संबंधित विभाग के छात्र–छात्राओं के मध्य से कुछ पदाधिकारियों (अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह–सचिव, कोषाध्यक्ष व कक्षा प्रतिनिधि)का चयन किया जाता है। विभाग के शेष सभी छात्र–छात्राएँ विभागीय परिषद के सदस्य होते हैं। पदाधिकारियों के साथ विचार–विमर्श कर विभागीय परिषद के प्राध्यापक संयोजक पाठ्य सहगामी गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हैं। इन प्रतियोगिताओं में संबंधित विभाग के छात्र–छात्राएँ प्रतिभाग करते हैं। सत्र के अंत में समस्त विभागीय परिषद के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाण पत्र दिया जाता है।

Sumita

प्रोफेसर (डॉ0) सुमिता श्रीवास्तव
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय, पोखरी(क्वीली) टिहरी गढ़वाल